1	2	3
12	Orissa	48.3
13	Punjab	7.2
14	Rajasthan	26.0
15	Tamil Nadu	39.5
16	Uttar Pradesh	37.2
17	West Bengal	30.3
18	Small States & Uts	11.8
	ALL INDIA:	33.4

गुजरात के लघु उद्योगों के लिए निधियां

839. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात के लघु उद्योगों के विकास के लिए राज्य को और धन-राशि आवंटित किए जाने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिलेवार ब्यौरा क्या है।

(ग) इस प्रयोजनार्थ अब तक कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) पिछली पंचवर्षीय योजना की तुलना में चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान आवंटित धनराशि किस सीमा तक कम है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो): (क) राज्य के लघु उद्योगों के विकास हेतु और अधिक निधियों के आवंटन के लिए गुजरात राज्य सरकार का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान ग्राम तथा लघु उद्योग क्षेत्र (लघु उद्योगों को मिलाकर) के लिए अनुमोदित परिव्यय निम्नानुसार है :—

(रुपए करोड़)

वर्ष	परिव्यय
1992-93	83.20
1993-94	102.75
1994-95	85.78

(घ) गुजरात राज्य के वी.एस.आई.ए. क्षेत्रक हेतु अनुमोदित आठवीं पंचवर्षीय योजना परिव्यय 435 करोड़ रु. है। सातवीं योजना का अनुमोदित परिव्यय 130.23 करोड़ रु. है।

Criteria to determine persons living below poverty line

840. SHRI G.Y. KRISHNAN : Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state :

(a) the manner in which the criteria for persons living below